रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** यदि 7 : 14 :: 8.7 : x तथा 5 : 35 :: 7 : y है, तो x और y का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. 87 : 245
✘ 2. 85 : 246
✘ 3. 91 : 255
✘ 4. 88 : 243

**Q.2** अप्रैल 2025 में, ऊर्जा सुरक्षा के भविष्य (Future of Energy Security) पर अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया?

**Ans**
✘ 1. बर्लिन, जर्मनी
✔ 2. लंदन, यूनाइटेड किंगडम
✘ 3. टोक्यो, जापान
✘ 4. पेरिस, फ्रांस

**Q.3** किसी निश्चित कूट भाषा में, ‘MICE’ को ‘6398’ के रूप में और ‘PEAR’ को ‘3215’ के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में ‘E’ के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✘ 1. 8
✘ 2. 5
✔ 3. 3
✘ 4. 2

**Q.4** अक्टूबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था?

**Ans**
✘ 1. दीपक अग्रवाल
✔ 2. विपिन कुमार
✘ 3. शाश्वत शर्मा
✘ 4. प्रवीणा राय

**Q.5** 1905 से 1917 तक की अवधि को भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में "चरमपंथी चरण" के रूप में जाना जाता है। इस समय के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा नेता चरमपंथी विचारधारा से संबन्धित नहीं था?

**Ans**
✘ 1. बिपिन चंद्र पाल
✘ 2. बाल गंगाधर तिलक
✘ 3. लाला लाजपत राय
✔ 4. गोपाल कृष्ण गोखले

**Q.6** निम्नलिखित में से किस परिदृश्य में, एमएस वर्ड में 'Keep with Next' पैराग्राफ़ फ़ॉर्मेटिंग विकल्प का उपयोग सबसे प्रभावी रूप से आवश्यक है?

**Ans**

✗ 1. डॉक्यूमेंट में प्रत्येक पैराग्राफ़ की पहली पंक्ति को स्वचालित रूप से इंडेंट करना

✗ 2. एक लंबे पैराग्राफ़ को कई पेजों में स्प्लिट होने से रोकना

✗ 3. आइटम की सूची में एक सुसंगत बुलेट पॉइंट स्टाइल लागू करना

✓ 4. यह सुनिश्चित करना कि शीर्षक और उसके तुरंत बाद वाला पैराग्राफ़ सदैव एक ही पेज पर दिखाई दे

**Q.7** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। V की परीक्षा शुक्रवार को है। Q और S के बीच केवल 3 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। P की परीक्षा U के ठीक बाद है। T की परीक्षा S से ठीक पहले है। U से पहले कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

**Ans**

✗ 1. 1

✗ 2. 3

✓ 3. 2

✗ 4. 4

**Q.8** 2025 में प्रकाशित सुज़ेन कोलिन्स (Suzanne Collins) के उपन्यास का नाम क्या है?

**Ans**

✗ 1. ले ग्रैंड ब्लू

✗ 2. द क्रिमसन रीवर्स

✓ 3. सनराइज़ ऑन द रीपिंग

✗ 4. लियोन: द प्रोफेशनल

**Q.9** रमेश अकेले किसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है और सुरेश अकेले उसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकता है। उन्होंने साथ मिलकर कार्य शुरू किया, लेकिन रमेश को कार्य पूरा होने से 4 दिन पहले ही कार्य छोड़ना पड़ा। कार्य कितने दिनों में पूरा हो पाएगा?

**Ans**

✓ 1. $7\frac{9}{13}$ दिन

✗ 2. $7\frac{5}{13}$ दिन

✗ 3. $7\frac{2}{13}$ दिन

✗ 4. $7\frac{8}{13}$ दिन

**Q.10** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 411 559 916 247 769 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे छोटी संख्या के पहले अंक को सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक से घटाया जाए, तो परिणाम कितना होगा?

**Ans**

✓ 1. 7

✗ 2. 6

✗ 3. 8

✗ 4. 10

**Q.11** यदि $\sin A = \frac{4}{5}$ है, तो $(2 + \tan A)(4 + \cos A)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✔ 1. $\frac{46}{3}$

✘ 2. $\frac{15}{208}$

✘ 3. $\frac{3}{46}$

✘ 4. $\frac{208}{15}$

**Q.12** मार्च-अप्रैल 2025 में आयोजित अभ्यास इंद्र (INDRA ) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इस अभ्यास में रूसी संघ के नौसेना जहाज पेचंगा, रेज्की और अल्दार त्सिडेंज़ापोव के साथ-साथ भारतीय नौसेना के जहाज राणा, कुथार और समुद्री गश्ती विमान P8I ने भाग लिया।
2. यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया: चेन्नई में बंदरगाह चरण और अरब सागर में समुद्री चरण।
3. यह अभ्यास इंद्र का 13वां संस्करण था, जो भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक संबंधों का प्रतीक है।

**Ans**

✘ 1. केवल 1 और 3

✔ 2. केवल 1

✘ 3. 1, 2 और 3

✘ 4. केवल 2 और 3

**Q.13** पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 101 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. 178

✘ 2. 179

✔ 3. 200

✘ 4. 201

**Q.14** निम्नलिखित बंटन की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 120-170 | 170-220 | 220-270 | 270-320 | 320-370 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 18 | 34 | 17 | 13 | 22 |

**Ans**

✘ 1. 227

✘ 2. 224

✔ 3. 220

✘ 4. 216

**Q.15** उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 20, 4)
(5, 61, 6)

**Ans**

✘ 1. (1, 8, 3)

✘ 2. (4, 40, 6)

✔ 3. (3, 25, 4)

✘ 4. (7, 45, 2)

Q.16 10 खिलाड़ियों का औसत स्कोर शुरू में 55 दर्ज किया गया था। हालाँकि, बाद में पता चला कि स्कोर 84 को गलती से 48 पढ़ लिया गया था। सही औसत स्कोर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 50
2. 58.6
3. 48.5
4. 55.5

Q.17 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

HLF : JOH
UYR : WBT

Ans
1. MPQ : RMT
2. MFL : XRL
3. SEK : VRT
4. SFJ : UIL

Q.18 R, A की पत्नी है। F, A का पुत्र है। G, T की बहन है। T, F का भाई है। T का R से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई
2. पुत्र
3. भाई का पुत्र
4. बहन का पुत्र

Q.19 निम्नलिखित में से MSME की कौन सी श्रेणी उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर MSME पंजीकरण का प्रमुख हिस्सा बनाती है?

Ans
1. लघु
2. मध्यम
3. सूक्ष्म
4. बड़ा

Q.20 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

ELX IJT MHP ? UDH

Ans
1. QFL
2. QGL
3. QGK
4. QFK

Q.21 $\frac{\sqrt{0.038025}}{\sqrt{0.004225}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3
2. 11
3. 6
4. 21

Q.22 2025 में शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण किस क्षेत्र में दिया गया है?

Ans
1. कला
2. आध्यात्म
3. खेल
4. चिकित्सा

Q.23 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

QT-OR-MP
XA-VY-TW

Ans
1. TW-RU-PS ✔
2. JM-HK-FJ ✘
3. NQ-LO-JN ✘
4. AD-YB-VZ ✘

Q.24 2024 के हरियाणा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भाजपा ने स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता बरकरार रखी।
2. 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में भाजपा की सीटों में वृद्धि हुई।
3. 2019 के चुनाव की तुलना में कांग्रेस की सीटों में कमी हुई।
4. भाजपा और कांग्रेस के बीच वोट शेयर का अंतर कम था, जिसमें भाजपा को 39.94% और कांग्रेस को 39.09% वोट मिले।

Ans
1. केवल 2 और 4 ✘
2. केवल 1, 2 और 4 ✔
3. केवल 1 ✘
4. केवल 1 और 3 ✘

Q.25 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ मुर्गी, कबूतर हैं।
सभी कबूतर, कौवे हैं।
सभी कौवे, मैना हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मुर्गी, मैना हैं।
(II) कुछ मैना, कबूतर हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं ✔
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है ✘
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ✘
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ✘

Q.26 दिल्ली सल्तनत का कौन-सा शासक 1292 ई. में भीलसा (विदिशा) के अभियान से संबंधित था?

Ans
1. उलुग खान ✘
2. इल्तुतमिश ✘
3. अलाउद्दीन खिलजी ✔
4. गाज़ी मलिक ✘

Q.27 रजत अपनी कक्षा में शीर्ष से 16वें स्थान पर तथा नीचे से 55वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 69 ✘
2. 71 ✘
3. 70 ✔
4. 72 ✘

**Q.28** 26%, 29% और 2% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 47.56% ✗
2. 48.51% ✓
3. 47.12% ✗
4. 48.86% ✗

**Q.29** एक विक्रेता अपने माल पर क्रय मूल्य से 45% अधिक मूल्य अंकित करता है। ग्राहक की मांग पर, वह बिलों पर 60% की छूट प्रदान करता है। विक्रेता को कितने प्रतिशत लाभ या हानि होती है?

**Ans**
1. 45% हानि ✗
2. 41% हानि ✗
3. 42% हानि ✓
4. 39% लाभ ✗

**Q.30** सात मित्र, D, E, F, G, M, N और O, उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। G और D के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। F, D के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। F और M के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O, E के बाएँ किसी स्थान पर, लेकिन N के दाएँ किसी स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
1. F ✗
2. N ✗
3. M ✗
4. O ✓

**Q.31** निम्नलिखित में से किस शासक द्वारा अधिकतम संख्या में बौद्ध स्तूपों का निर्माण कराया गया था?

**Ans**
1. बिम्बिसार ✗
2. चन्द्रगुप्त मौर्य ✗
3. अशोक ✓
4. पुष्यमित्र शुंग ✗

**Q.32** एक नाव धारा के प्रतिकूल, 16 घंटे में 176 km तथा धारा के अनुकूल, 5 घंटे में 85 km की यात्रा करती है। स्थिर जल में नाव की चाल कितनी है?

**Ans**
1. 23 km/hr ✗
2. 24 km/hr ✗
3. 20 km/hr ✗
4. 14 km/hr ✓

**Q.33** निम्नलिखित में से कौन-सी सरकारी योजना, भारत में शहरी बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है?

**Ans**
1. अमृत (AMRUT) ✓
2. मनरेगा (MGNREGA) ✗
3. रूर्बन मिशन (RURBAN Mission) ✗
4. पीएमजीएसवाई (PMGSY) ✗

**Q.34** एक निश्चित कूट भाषा में, 'GATE' को '6148' और 'TIPS' को '5721' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
1. 7 ✗
2. 5 ✗
3. 4 ✗
4. 1 ✓

**Q.35** यदि निर्माता को 10%, थोक विक्रेता को 15% तथा खुदरा विक्रेता को 25% का लाभ होता है, तो उस मेज की उत्पादन लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए, जिसका ग्राहक के लिए खुदरा मूल्य ₹31,900 है।
(नोट: निर्माता थोक विक्रेता को बेचता है, थोक विक्रेता खुदरा विक्रेता को बेचता है और खुदरा विक्रेता ग्राहकों को बेचता है।)

**Ans**
✗ 1. 22,000
✗ 2. 23,200
✗ 3. 25,000
✓ 4. 20,000

**Q.36** वैश्वीकरण के कारण BPO उद्योग का उदय हुआ। बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (BPO) की मुख्य विशेषता क्या है?

**Ans**
✗ 1. सरकारी स्वामित्व
✗ 2. केवल घरेलू सेवाएं
✗ 3. भारी माल का निर्माण
✓ 4. भारत से विदेशी कंपनियों को सेवाएं प्रदान करना

**Q.37** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIFE' को '4268' और 'FUND' को '3527' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'F' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✓ 1. 2
✗ 2. 3
✗ 3. 7
✗ 4. 6

**Q.38** फरवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारत का 26वां मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया?

**Ans**
✗ 1. आशीष नैथानी
✗ 2. विनीत जोशी
✗ 3. संजय मल्होत्रा
✓ 4. ज्ञानेश कुमार

**Q.39** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 941 915 741 807 776 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

**Ans**
✗ 1. 11
✓ 2. 8
✗ 3. 7
✗ 4. 9

**Q.40** निम्नलिखित में से किस संरचना का निर्माण औरंगजेब द्वारा करवाया गया था?

**Ans**
✗ 1. ताज महल
✓ 2. बीबी-का-मकबरा
✗ 3. हुमायूं का मकबरा
✗ 4. कुतुब मीनार

**Q.41** PLFS 2022-23 के अनुसार किस राज्य में सबसे कम बेरोजगारी दर दर्ज की गई?

**Ans**
✓ 1. त्रिपुरा
✗ 2. महाराष्ट्र
3. कर्नाटक
4. गुजरात

**Q.42** यदि '+' को '–' से प्रतिस्थापित किया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$20 \div 5 + 8 \times 2 + 1 = ?$

**Ans**
1. 95 ✔
2. 80 ✘
3. 90 ✘
4. 85 ✘

**Q.43** चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल 299 $cm^2$ है। शीर्ष B और D से विकर्ण AC पर डाले गए लंबों की लंबाई क्रमशः 11 cm और 12 cm है। विकर्ण AC की लंबाई (cm में) निर्धारित करें।

**Ans**
1. 26 ✔
2. 24 ✘
3. 21 ✘
4. 29 ✘

**Q.44** HL 17 एक निश्चित तरीके से KM −4 से संबंधित है। उसी तरह LN 12, OO −9 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से UR 4 किससे संबंधित है?

**Ans**
1. XS −17 ✔
2. VR 16 ✘
3. OZ −18 ✘
4. IX −15 ✘

**Q.45** विद्युत पारेषण लाइनों के लिए सामान्यतः किस धातु का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
1. लौह और निकेल ✘
2. जस्ता और सीसा ✘
3. तांबा और ऐलुमिनियम ✔
4. चांदी और सोना ✘

**Q.46** अक्टूबर 2024 में, भारत सरकार ने जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2023 के तहत नियमों को अधिसूचित किया। इस कानून का मुख्य उद्देश्य क्या था?

**Ans**
1. RTI अधिनियम का विस्तार करके निजी शिक्षण संस्थानों को भी इसके दायरे में लाना ✘
2. सभी केंद्रीय मंत्रालयों के लिए एकीकृत शिकायत निवारण पोर्टल स्थापित करना ✘
3. विभिन्न कानूनों के तहत छोटे अपराधों को आपराधिक दंड से सिविल दंड में परिवर्तित करना ✔
4. भूमि पंजीकरण दस्तावेजों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर को वैध बनाना ✘

**Q.47** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, भारत में राजभाषा आयोग के बारे में वर्णन करता है?

**Ans**
1. अनुच्छेद 343 ✘
2. अनुच्छेद 344 ✔
3. अनुच्छेद 341 ✘
4. अनुच्छेद 342 ✘

**Q.48** CPU आर्किटेक्चर में पाइपलाइनिंग (pipelining ) का क्या महत्व है?

**Ans**
1. रजिस्टरों के बीच डेटा ट्रान्सफर करता है ✘
2. मल्टीपल कोरों (multiple cores) का उपयोग करके क्लॉक स्पीड को बढ़ाता है ✘
3. ओवरलैपिंग स्टेज (overlapping stage) द्वारा एक साथ कई अनुदेशों को एग्जीक्यूट करता है ✔
4. अनुदेशों को मेमोरी में स्टोर करता है ✘

Q.49 एक व्यक्ति अपनी आय का 30% बचाता है। यदि उसका व्यय ₹560 है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है?

Ans
1. 840
2. 392
3. 800 ✔
4. 168

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. BK – EY ✔
2. KT – OH
3. YH – CV
4. JS – NG

Q.51 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 8 9 # 1 9 © 3 5 © € @ # £ @ * © 5 £ € 5 4 4 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. 5
2. 2
3. 4
4. 3 ✔

Q.52 निम्नलिखित में से भारत में नगरपालिका का राजनीतिक प्रमुख कौन होता है?

Ans
1. मुख्य नगर पालिका अधिकारी
2. अध्यक्ष ✔
3. नगर पालिका आयुक्त
4. महापौर

Q.53 निम्नलिखित में से कौन, महाराष्ट्र में एक कट्टरपंथी तर्कवादी और प्रतिमाध्वंसक था?

Ans
1. विष्णुशास्त्री चिपलूणकर
2. गोपाल गणेश अगरकर ✔
3. भास्कर पांडुरंग
4. गणेश वासुदेव जोशी

Q.54 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प एमएस वर्ड में 'सेक्शन ब्रेक (Next Page)' के कार्य का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
1. यह समान फॉर्मेटिंग को बनाए रखते हुए एक नया पैराग्राफ शुरू करता है।
2. यह एक ही पेज पर डॉक्यूमेंट के विभिन्न भागों के बीच एक विजुअल डिवाइडर बनाता है।
3. यह एक ही पैराग्राफ के भीतर मैन्युअल लाइन ब्रेक इंसर्ट करता है।
4. यह करेंट सेक्शन को समाप्त करता है और अगले पृष्ठ पर एक नया सेक्शन प्रारंभ करता है। ✔

Q.55 थार रेगिस्तान, निम्नलिखित में से किसके बीच एक प्राकृतिक सीमा के रूप में कार्य करता है?

Ans
1. भारत और अफ़ग़ानिस्तान
2. भारत और चीन
3. भारत और नेपाल
4. भारत और पाकिस्तान ✔

Q.56 यदि $a^2 + b^2 = 169$, $a \times b = 10$, और a > b है, तो $\frac{a - b}{a + b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $\sqrt{\frac{158}{199}}$

2. $\frac{158}{199}$

3. $\sqrt{\frac{149}{189}}$ ✔

4. $\frac{149}{189}$

Q.57 $7x^2 - 4x + k = 0$ के लिए k का मान इस प्रकार निर्धारित करें कि समीकरण के मूल समान हों।

Ans

1. $\frac{4}{11}$

2. $\frac{4}{7}$ ✔

3. $\frac{4}{5}$

4. $\frac{3}{7}$

Q.58 △ABC की भुजा AB और AC को क्रमशः बिन्दुओं D और E तक बढ़ाया गया है। ∠CBD और ∠BCE के समद्विभाजक बिंदु P पर मिलते हैं। यदि ∠A = 84° है, तो ∠P का माप ज्ञात कीजिए।

Ans

1. $36°$

2. $66°$

3. $48°$ ✔

4. $56°$

Q.59 [81 ÷ {21 + 9 × (5 - 7)}] का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans

1. 26

2. 25

3. 27 ✔

4. 24

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

1. ORM

2. KNI

3. QTP ✔

4. MPK

Q.61 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 22 से विभाज्य है?

Ans

1. 7986 ✔

2. 7019

3. 8371

4. 7664

Q.62 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

187 ÷ 3 + 168 × 2 − 174 = ?

Ans
1. 654
2. 652
3. 653
4. 651 ✔

Q.63 P की वर्तमान आयु का 4 गुना, Q की वर्तमान आयु से 35 वर्ष अधिक है। 8 वर्ष बाद, Q की आयु का 2 गुना, P की आयु के 6 गुने से 40 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
1. 80
2. 84
3. 97
4. 89 ✔

Q.64 दो नल एक टंकी को क्रमशः 3 घंटे और 57 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा नल इसे 3 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नलों को एक साथ खोल दिया जाए, तो पूर्णतः खाली टंकी का एक-तिहाई हिस्सा भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
1. 57
2. 20
3. 19 ✔
4. 58

Q.65 भारत में यानाओं (यानम) और चंद्रनगर को किस औपनिवेशिक शक्ति ने अपने अधिकार में रखा था?

Ans
1. ऑस्ट्रियाई
2. फ्रेंच ✔
3. जर्मन
4. पुर्तगाली

Q.66 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

215 ÷ 4 + 822 × 3 − 45 = ?

Ans
1. 521
2. 691
3. 581
4. 631 ✔

Q.67 1991 के सुधारों ने उद्योगों के विनियमन को बढ़ावा दिया। 1991 के सुधारों के बाद कौन-सा उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित रहा?

Ans
1. इलेक्ट्रॉनिक्स
2. परमाणु ऊर्जा ✔
3. ऑटोमोबाइल
4. टैक्सटाइल

Q.68 2024 संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (COP16) पहली बार कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
1. नैरोबी, केन्या
2. रोम, इटली
3. मॉन्ट्रियल, कनाडा
4. कैली, कोलंबिया ✔

**Q.69** सात बॉक्स, D, E, F, G, S, T और U, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। F के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। F और S के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E को S के ठीक ऊपर रखा गया है। D और G के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। T को U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। कौन-सा बॉक्स T के नीचे दूसरे स्थान पर रखा गया है?

**Ans**
- ✗ 1. F
- ✓ 2. S
- ✗ 3. G
- ✗ 4. D

**Q.70** ऋषिका 52 km/hr की चाल से एक निश्चित दूरी तय करती है और पहले की दूरी की दोगुनी दूरी 39 km/hr की चाल से तय करती है। फिर वह उसी मार्ग से प्रारम्भिक बिंदु पर वापस आती है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 56 km/h है, तो वापसी यात्रा के लिए उसकी चाल (km/hr में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 76
- ✓ 2. 81.9
- ✗ 3. 87
- ✗ 4. 83.8

**Q.71** विवादों को सुलझाने के अलावा, भारत में न्याय पंचायतों के पास क्या शक्तियाँ हैं?

**Ans**
- ✗ 1. गांव की कृषि का प्रबंधन करना
- ✗ 2. गांव के विकास के लिए कर लगाना
- ✓ 3. अपराधियों पर जुर्माना लगाना
- ✗ 4. बाध्यकारी संविदा जारी करना

**Q.72** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा सोशल स्टॉक एक्सचेंज (SSE) में जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल (ZCZP) के लिए न्यूनतम निवेश ₹10,000 से घटाकर ______ कर दिया गया है।

**Ans**
- ✓ 1. ₹1,000
- ✗ 2. ₹2,000
- ✗ 3. ₹500
- ✗ 4. ₹1,500

**Q.73** प्रेक्षण 60, 43, 24, 61, 72, 26, 39, 62, 49, 95 और 38 की माध्यिका ज्ञात करें।

**Ans**
- ✗ 1. 62
- ✗ 2. 43
- ✗ 3. 60
- ✓ 4. 49

**Q.74** किस भारतीय संविधान संशोधन अधिनियम ने मौलिक अधिकारों को सात से घटाकर छह कर दिया है?

**Ans**
- ✗ 1. 76$^{\text{वां}}$ संविधान संशोधन अधिनियम
- ✗ 2. 35$^{\text{वां}}$ संविधान संशोधन अधिनियम
- ✓ 3. 44$^{\text{वां}}$ संविधान संशोधन अधिनियम
- ✗ 4. 42$^{\text{वां}}$ संविधान संशोधन अधिनियम

**Q.75** यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'जोड़ना' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

109 ÷ 76 × 4 − 5 + 18 = ?

**Ans**
- ✗ 1. 189
- ✗ 2. 201
- ✗ 3. 191
- ✓ 4. 186

Q.76 6 cm व्यास और 56 cm लंबाई वाले एक तार का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
1. 1,58,400 ✔
2. 1,57,800 ✘
3. 1,58,800 ✘
4. 1,59,000 ✘

Q.77 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

21 24 33 48 69 96 ?

Ans
1. 129 ✔
2. 138 ✘
3. 116 ✘
4. 141 ✘

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य गंगा के मैदान से आच्छादित नहीं है?

Ans
1. हरियाणा ✘
2. पंजाब ✔
3. पश्चिम बंगाल ✘
4. बिहार ✘

Q.79 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 10 22 46 94 190 ?

Ans
1. 384 ✘
2. 382 ✔
3. 380 ✘
4. 390 ✘

Q.80 उस घन की चार दीवारों का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी कोर की लंबाई $(3x + 8y + 5)$ m है।

Ans
1. $(36x^2 + 124y^2 + 100 + 82xy + 160y + 80x)\ m^2$ ✘
2. $(36x^2 + 256y^2 + 100 + 192xy + 160y + 120x)\ m^2$ ✘
3. $(36x^2 + 184y^2 + 100 + 192xy + 160y + 80x)\ m^2$ ✘
4. $(36x^2 + 256y^2 + 100 + 192xy + 320y + 120x)\ m^2$ ✔

Q.81 कोई धनराशि 12.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश करने पर 2 वर्ष बाद ₹7,500 हो जाती है। दी गई अवधि के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,700 ✘
2. 1,600 ✘
3. 1,400 ✘
4. 1,500 ✔

Q.82 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
QJL OHJ MFH KDF ?

Ans
1. IBE ✘
2. IAD ✘
3. IBD ✔
4. IAE ✘

Q.83 एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है। यदि इसकी ऊँचाई 12 cm है, तो इसका व्यास (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20
2. 24
3. 33
4. 22

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा संक्षिप्त नाम एक वोलेटाइल मेमोरी तकनीक को दर्शाता है जो आमतौर पर व्यक्तिगत कंप्यूटरों में प्राथमिक कार्यशील मेमोरी के लिए उपयोग किया जाता है?

Ans
1. CMOS
2. DRAM
3. NVMe
4. SRAM

Q.85 श्री छोटू बिंदु A से शुरू करते हैं और उत्तर की ओर 16 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं, 8 km ड्राइव करते हैं, बाएं मुड़ते हैं और 7 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 4 km ड्राइव करते हैं, बाएं मुड़ते हैं और 12 km ड्राइव करते हैं। फिर वह बाएं मुड़ते हैं और 18 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में बाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)।

Ans
1. पूर्व की ओर 4 km
2. पश्चिम की ओर 6 km
3. उत्तर की ओर 1 km
4. दक्षिण की ओर 9 km

Q.86 चेतन बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 37 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 18 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 58 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 61 km ड्राइव करता है। वह बाएं मुड़ता है, 21 km ड्राइव करता है और बिंदु Z पर रुकता है। बिंदु Y पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
1. 64 km पश्चिम की ओर
2. 43 km पश्चिम की ओर
3. 39 km दक्षिण की ओर
4. 79 km पूर्व की ओर

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी तंत्र, हिमालय क्षेत्र में महाखड्ड (gorges) बनाने के लिए जानी जाती है?

Ans
1. पेन्नार (Penner)
2. ब्रह्मपुत्र (Brahmaputra)
3. गोदावरी (Godavari)
4. ताप्ती (Tapti)

Q.88 साम्यावस्था $CH_3COOH \rightleftharpoons CH_3COO^- + H^+$ में $H^+$ आयनों को जोड़ने पर ________________।

Ans
1. अभिक्रिया रुक जाएगी
2. साम्यावस्था बाईं ओर स्थानांतरित हो जाएगी
3. कोई परिवर्तन नहीं होगा
4. साम्यावस्था दाईं ओर स्थानांतरित हो जाएगी

Q.89 39 घंटे और 17 दिन का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 39 : 17
2. 12 : 142
3. 14 : 143
4. 13 : 136

**Q.90** एक आदमी अपने मासिक वेतन का 28% घर के किराए पर खर्च करता है। यदि हर महीने वह ₹687 परिवहन पर और ₹7,483 किराने पर खर्च करता है और शेष ₹218 बचाता है, तो उसका मासिक वेतन कितना है?

**Ans**

1. ₹11,738
2. ₹11,594
3. ₹11,650
4. ₹11,743

**Q.91** अग्न्याशय की द्वि वपिका कोशिकाओं (islet cells) में से कौन-सी कोशिका प्रकार, उस हार्मोन का स्राव करती है जो मुख्य रूप से रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि करता है?

**Ans**

1. डेल्टा कोशिकाएँ (Delta cells)
2. ऐल्फा कोशिकाएँ (Alpha cells)
3. PP कोशिकाएँ (PP cells)
4. बीटा कोशिकाएँ (Beta cells)

**Q.92** प्रभात, दिनेश, युग, मोनू, साक्षी, अमित और शिप्रा एक गोल मेज के परितः इसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। युग, अमित के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। प्रभात, अमित के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। मोनू, दिनेश के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। शिप्रा, प्रभात की निकटतम पड़ोसी नहीं है। दिनेश के बाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**

1. शिप्रा
2. युग
3. साक्षी
4. प्रभात

**Q.93** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : EPV :: RFS : %**

**Ans**

1. # = COW, % = SGQ
2. # = DNU, % = SHT
3. # = DMU, % = SGL
4. # = CNU, % = THV

**Q.94** गुप्त अभिलेखों में तालाबों या पोखरों के लिए निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग किया गया था?

**Ans**

1. प्रपा (Prapa)
2. तड़ाग (Tadaga)
3. नदी (Nadi)
4. क्षेत्र (Kshetra)

**Q.95** वह सबसे बड़ी संख्या जिससे 48 और 46 को विभाजित करने पर शेषफल क्रमशः 9 और 7 बचता है, ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 39
2. 46
3. 47
4. 43

**Q.96** कौन-सी भू-आकृतिक संरचना, शिवालिक के समानांतर स्थित है और लगभग 8-16 km चौड़ी है?

**Ans**

1. डेल्टा
2. दोआब
3. भाबर
4. तराई

Q.97 अमित ने समान धनराशि को साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (जो वार्षिक रूप से संयोजित होता है) पर निवेश किया था। दोनों धनराशियों के लिए निवेश की अवधि 2 वर्ष तथा दोनों धनराशियों के लिए समान वार्षिक ब्याज दर, 4% थी। अंत में, उसे प्राप्त हुए दोनों ब्याजों में ₹44 का अंतर था। निवेश की गई प्रत्येक धनराशि कितनी थी?

Ans
- ✗ 1. ₹26,600
- ✗ 2. ₹27,850
- ✗ 3. ₹26,750
- ✓ 4. ₹27,500

Q.98 उन्नीसवें संशोधन अधिनियम, 1966 द्वारा निम्नलिखित में से किस प्रणाली को समाप्त कर दिया गया था?

Ans
- ✗ 1. जमींदारी प्रथा
- ✗ 2. पृथक निर्वाचन प्रणाली
- ✗ 3. प्रिवी पर्स प्रणाली
- ✓ 4. चुनाव न्यायाधिकरण

Q.99 सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) के आर्किटेक्चर में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट (ALU) के कार्य और कंट्रोल यूनिट (CU) के कार्य के बीच के अंतर को दर्शाता है?

Ans
- ✓ 1. ALU गणना और तर्क संबंधित कार्यों को संभालता है; CU इंस्ट्रक्शन फ्लो और समन्वय का प्रबंधन करता है।
- ✗ 2. ALU इंस्ट्रक्शन्स को डिकोड करता है, जबकि CU डेटा स्टोरेज संबंधी कार्यों को संभालता है।
- ✗ 3. CU पेरिफेरल डिवाइसों के साथ सीधे इंटरेक्ट करता है, और ALU अस्थायी डेटा को स्टोर करता है।
- ✗ 4. CU अर्थमेटिक ऑपरेशंस निष्पादित करता है, और ALU प्रोग्राम इंस्ट्रक्शन्स को नियंत्रित करता है।

Q.100 2025 में, DRDO द्वारा DEW Mk-II(A) प्रणाली का फील्ड प्रदर्शन कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. पोखरण
- ✓ 2. कुरनूल
- ✗ 3. बैंगलोर
- ✗ 4. नई दिल्ली